दौरा

टीम ने पेक में इंफ्रास्ट्रक्चर देखा, शिक्षण कार्य के बारे में भी जाना

वर्ल्ड बैंक की टीम ने पेक का लिया जायजा

अमर उजाला ब्यूरो

चंडीगढ़। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज यानी पेक में वर्ल्ड बैंक की टीम पहुंची। इस दौरान टीम ने इंफ्रास्ट्रक्चर देखा। माना जा रहा है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर आगे कॉलेजों की रैंकिंग तय होगी।

वर्ल्ड बैंक के शिक्षा विशेषज्ञ क्रिस्टियन एडो, नम्रता टोग्नटा, सेंट्रल प्रोजेक्ट एडवाइजर डॉ. पीएम खोडके ने पेक का दौरा किया। उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज की शिक्षा के बारे में भी जाना। उसके बाद सभी विभागों के डीन आदि से विभागों में चल रही शिक्षा प्रणाली को जाना। शिक्षकों से पढ़ाई के तरीके भी जाने। इसके अलावा पेक में मौजूद सुविधाओं को भी देखा। भविष्य में यहां किन चीजों की

इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर कॉलेजों की रैंकिंग तय होने की आशंका

आवश्यकता होगी, उसको भी टीम ने देखा। इससे पूर्व डॉ संजय ने टीम का स्वागत किया और कॉलेज की विशेषता व उपलब्धियों को बताया। निदेशक प्रोफेसर उमा बत्रा ने पेक के विभागों के परिणाम बताए और हर साल बेहतर रिजल्ट रहने की बात कही। साथ ही पेक की ओर से होने वाले सेमिनार की जानकारी भी उपलब्ध कराई। पेक के स्ट्रक्चर पर भी उन्होंने फोकस किया। टीम ने टीईक्यूआईपी परियोजना के तहत पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के विकास की सराहना की।

पेक में पहुंची वर्ल्ड बैंक की टीम। अमर उजाला